2. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिमण्डलविधिनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3370).

3. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीति मण्डलविधिनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3371).

4. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिमण्डलविधिनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3372).

5. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिमण्डलविधिनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3373).

6. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिमण्डलविधिनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3374).

7. नामसंगीतिमण्डलविधि-आकाशविमलनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3367).

8. नामसंगीतिमण्डलविधिकर्म (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3379).

9. नामसंगीतिविधिसूत्रपिण्डित (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3419).

10. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिसर्वापायविशोधनमण्डलविधिनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3402).

11. मञ्जुश्रीनामसंगीतिमण्डलविधिनाम (शान्तिगर्भ)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3422).

12. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिमण्डलोपायिका (सोमश्री)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3447.).

13. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिसर्वमण्डलस्तोत्र (सोमश्री)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3348).

14. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिचक्षुर्विधिनाम (स्मृतिज्ञानकीर्ति)
(TTP. VoL. 86, Sr, No-4835).

15. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिचक्षुर्विधिनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL 75, Sr. No-3400).

16. मञ्जुश्रीनामसंगीतिमहाबोधिशरीरविधिनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3395)

(घ) होम

1. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिहोमविधिसंग्रहनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3396).

2. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिसर्वापायविशोधनहोमविधिनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3403).

3. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिहोमकर्म (श्रीमद् वरबोधि)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3408).

(ङ) अभिषेक तर्पण आदि अन्य विषय

1. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीति-अभिषेकविधि (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No 3375).

2. नामसंगीति-तर्पण (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3376).

3. नामसंगीति-आसनयोग (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL, 75, Sr. No-3377).

4. नामसंगीति-भूतबलि (मञ्जुश्रीमित्र)
TTP. VoL-75. Sr. No-3378).

5. नामसंगीति-प्रदक्षिणाक्रियायोग (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL-75, Sr. No-3380).

6. मञ्जुश्रीनामसंगीति-सप्ताङ्गसम्भारोपाय (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL-75, Sr. No-3381).

7. मञ्जुश्रीनामसंगीति-प्रणिधानकर्मनाम (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3397).

8. मञ्जुश्रीनामसंगीति-मारमन्त्रचक्र (मञ्जुश्रीमित्र)
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3401).

9. मञ्जुश्रीनामसंगीति-चक्रक्रम
(TTP. VoL. 75, Sr. No-3424).

भोट आचार्यों द्वारा रचित नामसंगीति की स्वतन्त्र टीकायें

भारत से बौद्ध धर्म के साथ बौद्ध तन्त्र भी भोट देश पहुंचा और वहाँ के आचार्यों ने इसे साधना के रूप में अपना कर बौद्ध तन्त्रपरम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखा। भोट देश में आचार्यों ने अपनी परम्परा के अनुसार नामसंगीति पर भी कई स्वतन्त्र टीकाएँ रचीं, उनमें जिन टीकाओं की सूचना अब तक मिली है, उनका विवरण देना यहाँ उपयोगी होगा—

1. mTshan Yaṅ Dag Par brJod Paḥi ḥGrel Pa rNam gSum bŚad Pa[1]—Roṅ zom Chos bzaṅ.

2. ḥPhags Pa ḥJam dPal rGyud bŚad[2]—Bo Doṅ Pan Chen Phyog Las rNam rGyal.

3. mTshan brJod kyi ḥGrel Pa rNal ḥByor rGyud Lugs[3]—Bo Doṅ Pan chen Phyog Las rNam rGyal.

4. ḥJam dPal Gyi mTshan brJod Yaṅ Dag Par brJod Paḥi ḥGrel Pa rJe bTsun ḥJam Paḥi dByaṅs Gyi Byin rLabs Gyi Char Myur Du ḥBebs Byed bsTod sPhrin Gyi sGra dByaṅ[4]—Yoṅ ḥDzin Ye Śes rGyal mTshan.

5. ḥPhags Pa ḥJam dPal Gyi mTshan Yaṅ Dag Par brJod Paḥi Don rNam Par b'sad Pa rGyud Don gSal Byed sGron Me gSal Ba[5]—mThu stobs Ñi Ma.

6. mTshan Yaṅ Dag Par brJod Paḥi rGya Cher ḥGrel Pa ḥJam dPal Grags Pas mdzad Paḥi bsDus Don[6].

अनुवाद

विदेशों में बौद्ध धर्म के प्रवेश के साथ ही अनुवाद कार्य भी प्रारम्भ हुआ। बौद्ध शास्त्रों का विशाल वाङ्मय जो आज संस्कृत में अप्राप्त है, वह चीनी और भोट अनुवादों में सुरक्षित है। उसी परम्परा में मञ्जुश्रीनामसंगीति का भी विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया गया। यहाँ मञ्जुश्रीनामसंगीति के विभिन्न भाषाओं में हुए अनुवादों का संक्षेप में विवरण दिया जा रहा है—

1. चीनी अनुवाद : नामसंगीति के चीनी भाषा में कई अनुवाद हुए, जो दानपाल (980 ई०) के चीन पहुंचने के बाद शुरू हुए। नन्जियो सूची के अनुसार इसके प्रसिद्ध चीनी अनुवादक K' hwui थे, जो Yuen dynasty 1280-1368 ई० में वर्तमान थे। इसके दूसरे

1. 2. 3. 4. 5. देखें—The Litany of names of Mañjuśri. by. R. Davidson—P. 14.

6. A complete Catalogue of the Tibetan works Tohoku University Japan. No-5146. (A brief explanation of the Ārya mañjuśri Nāma saṁgīti tīkā by Mañjuśri Kīrti, TTP. Vol-74. Sr. No-3357).

अनुवादक Kir-sTun-kh हैं, जो 1113 ई० के लगभग वर्तमान थे।[1] चीनी भाषा में नाम-संगीति के चार मुख्य अनुवाद है[2]।

2. मंगोल अनुवाद : मंगोल भाषा में इसका अनुवाद Choi gi od:er (1214-1294 ई०) ने किया[3]।

3. भोटानुवाद : भोट भाषा में भी इसके विभिन्न अनुवाद किये गये एवं उन अनुवादों में संशोधन भी हुए। पीकिंग संस्करण कन्ग्युर के अनुसार इसके अनुवादक BLo Gros brTan Pa हैं। बाद में पुनः Blo Gros brTan Pa द्वितीय ने इसे संशोधित किया। देगे संस्करण के अनुसार इसके अनुवादक कमलगुप्त एवं Rin chen bZaṅ Po (958-1055 ई०) हैं,[4] जिसे बाद में Blo Gros brTan Pa ने संशोधित किया। BLo Gros br Tan Pa 14वीं शताब्दी में वर्तमान थे।[5]

यद्यपि प्रथम भोटानुवाद Rin Chen bZaṅ Po का माना जाता है, परन्तु निश्चय ही यह कहा जा सकता है कि khri Sroṅ lDe bTsan (742-797 ई०) के समय में ही नाम-संगीति भोट देश में पहुंच चुकी थी।

4. अंग्रेजी अनुवाद : मञ्जुश्रीनामसंगीति के दो अंग्रेजी अनुवाद भी इस समय प्राप्त हैं।[6]

मूल संस्कृत में उपलब्ध सामग्री

सौभाग्यवश नामसंगीति के संस्कृत में प्रकाशित कई संस्करण एवं पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध हैं। इसकी तीन टीकाएँ भी संस्कृत में नेपाल राष्ट्रीय अभिलेखालय एवं अन्य पुस्तकालयों में प्राप्त हैं। परिवार ग्रन्थों की भी कुछ पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हैं। इनका विवरण यहाँ दिया जा रहा है—

---

1. Catalogue of the chines translation of the Buddhist Tripiṭaka. B. Nanjio. P. 227, 306.
2. Survey of Indian Buddhism—H. Nakamura. P. 326.
   I 2. Vol. Taisho No.—1187, Vol. XX. P. 808.
   II Taisho No.—1188, Vol. XX. P. 814.
   III Taisho No.—1189, Vol. XX. P. 820.
   IV Taisho No.—1190, Vol. XX. P. 826.
3. Buddhism In Mangolia. P. 9—10.
4. A Complete Catalogue of the Tibetan Buddhist Canon—Sendai Japan 1934.
5. Blue Annals P.310, 329.
6. I. The litany of Names of Mañjuśri R. Davidson
   II. Chanting the name of Mañjuśri Nāma Saṁgīti—By. Prof Alex wayman.

1. प्रकाशित संस्करण

आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीति के संस्कृत पाठ के आज तक चार भिन्न-भिन्न संस्करण सम्पादित हो चुके हैं। पहली बार इसका सम्पादन रूसी विद्वान् I. P. Minaef ने 1885 में किया[1]। परन्तु यह संस्करण अब दुर्लभ हो गया है। रोनाल्ड डेविडसन के अनुसार इस संस्करण में कई पाण्डुलिपियों का उपयोग किया गया है।

दूसरा संस्करण प्रो० रघुवीर ने तीन विभिन्न पाण्डुलिपियों के पाठ भेद और भोट पाठ के साथ शतपिटक सीरीज में प्रकाशित किया है[2]।

तीसरा संस्करण कलकत्ता विश्वविद्यालय से 1963 में दुर्गादास मुखर्जी ने एशियाटिक सोसायटी बंगाल में उपलब्ध दो पाण्डुलिपियों एवं एक जेलोग्राफ की सहायता से पाठभेदपूर्वक सम्पादित किया है।[3] इस संस्करण में दो भिन्न भोट संस्करणों के पाठभेदों के साथ भोट पाठ का भी सम्पादन हुआ है। अनुशंसा के गद्य अंश को उक्त सम्पादन में परिशिष्ट के रूप में दिया है।

चौथा संस्करण रोनाल्ड एम० डेविडसन का है[4]। उपर्युक्त तीनों प्रकाशित पुस्तकों के माध्यम से एवं तीन टीकाओं के भोट पाठ की सहायता से यह संस्करण सम्पादित है। इसमें नामसंगीति का अंग्रेजी अनुवाद भी दिया गया है।

उक्त चार संस्करणों के अतिरिक्त भी नेपाल में नामसंगीति की कई पुस्तकें प्रकाशित हैं, परन्तु उनके पाठ बहुत अशुद्ध हैं। नित्य पाठ के लिए भक्तों द्वारा ऐसे ग्रन्थों का प्रकाशन हुआ, जिनमें भाषा की शुद्धि पर ध्यान नहीं दिया गया।

नेपाल राष्ट्रीय अभिलेखालय, नेपाल के अनेक व्यक्तिगत संग्रह, केम्ब्रिज विश्वविद्यालय आदि अनेक पुस्तकालयों में नामसंगीति की बहुत अधिक संस्कृत पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध हैं, जिनका विवरण यहाँ देना सम्भव नहीं।

---

1. St. Petersburg University. Histirio Philogical Faculty. VoL. 16. 1885. P. 137.
2. Shata Piṭaka series—VoL. 18. International Academy of Indian Culture. New Delhi.
3. Āryamañjuśri nāmasaṁgīti. By. Durga Prasad Mukherji. University of Calcutta. 1963.
4. The litany of Names of Mañjuśri. by R. Davidson. Tantric and taoist studies, Mélanges chinois et Buddhiques. VoL. XX Bruxelles 1981.

संस्कृत टीकायें

आर्यमञ्जुश्री नामसंगीति की तीन टीकाओं की संस्कृत पाण्डुलिपियां विभिन्न पुस्तकालयों एवं व्यक्तिगत संग्रहों में उपलब्ध हैं। उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर यहाँ उनका विवरण दिया जा रहा है—

(क) आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीतिटीकानाम नाममन्त्रार्थावलोकिनी

यह टीका 'नामसंगीतिटीका' या 'नाममन्त्रार्थावलोकिनी' के नाम से भी उपलब्ध होती है। इसके टीकाकार विलासवज्र हैं। भोटानुवाद में यह तन्ग्युर संग्रह पीकिंग संस्करण भाग 74, संख्या 3356 में प्राप्त है। इस टीका की निम्नलिखित संस्कृत पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध हैं—

राष्ट्रीय अभिलेखालय काठमाण्डू में इसकी दो प्रतियाँ संगृहीत हैं[1]। इसकी एक प्रति ओरियण्टल इंस्टीच्यूट बड़ोदा में उपलब्ध है[2]। इसकी दो प्रतियाँ नेपाल के व्यक्तिगत संग्रहों में उपलब्ध हैं[3], जिनका माईक्रोफिल्म नेपाल जर्मन मैनुस्क्रिप्ट प्रिजर्वेशन प्रोजेक्ट ने किया है। द इंस्टीच्यूट फार एडवांस स्टडीज आफ वर्ल्ड रिलीजन्स, न्यूयार्क की सूची के अनुसार इसकी एक माईक्रोफिश प्रति वहाँ संगृहीत है[4]। इसकी एक प्रति कैम्ब्रिज युनिवर्सिटी लाईब्रेरी में भी उपलब्ध है[5]।

(ख) अमृतकणिका नामसंगीतिटिप्पणी

आचार्य रविश्री द्वारा रचित इस टीका की भी कई संस्कृत पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय अभिलेखालय, काठमाण्डू में इसकी दो प्रतियाँ संगृहीत हैं[6]। काठमाण्डू के ही केसर पुस्तकालय में भी एक प्रति उपलब्ध है, जिसका माईक्रोफिल्म नेपाल जर्मन मैनुस्क्रिप्ट प्रिजर्वेशन

---

1. I लगत संख्या 5/168, पत्र संख्या 77।
   II लगत संख्या 4/989, पत्र संख्या 85।
2. An Alphabetical list of Mss. in the oriental Institute Baroda. नामसंगीतिटीका Sr. No 46 ACC No. 13297, पत्र संख्या 76।
3. I Microfilm Reel No. E 360/16 पत्र संख्या 85।
   II Microfilm Reel No. F 370/17, पत्र संख्या 80।
4. No. MBB-1-117, पत्र संख्या 112,
5. Catalogue of Buddhist sanskrit mss. by-C. Bendall p. 203, Add. 1708 पत्र संख्या 4-113।
6. I लगत संख्या—4/20, पत्र संख्या 100,
   II लगत संख्या—5/169, पत्र संख्या 48।

प्रोजेक्ट ने किया है[1]। इसकी एक एक प्रति कैम्ब्रिज विश्व विद्यालय[2] और द इंस्टीच्यूट फार एडवांस स्टडीज आफ वर्ल्ड रिलीजन्स, न्यूयार्क में प्राप्त है[3]।

(ग) अमृतकणिकोद्योतनाम निबन्ध

आचार्य रविश्री द्वारा रचित अमृतकणिका नामसंगीतिटिप्पणी पर विभूतिचन्द्र की यह उपटीका है। इसका भोट अनुवाद तन्ग्युर संग्रह में उपलब्ध नहीं हुआ, तथापि इसकी संस्कृत पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध हैं। इसकी एक प्रति राष्ट्रीय अभिलेखालय, काठमाण्डू में संगृहीत है[4]। इसकी एक अन्य प्रति नेपाल के व्यक्तिगत संग्रह में प्राप्त है, जिसकी सूचना एच० तकाओका ने अपनी सूची में दी है।[5] माईक्रोफिश के रूप में एक प्रति द इंस्टीच्यूट फार एडवांस स्टडीज आफ वर्ल्ड रिलीजन्स, न्ययार्क में भी प्राप्त है[6]।

परिवार ग्रन्थ

यद्यपि भोटानुवाद में नामसंगीति पर पचासों परिवार ग्रन्थ हैं, परन्तु संस्कृत में अबतक तीन ग्रन्थों की सूचना मिली है, जिनका विवरण यहां दिया जा रहा है—

नामसंगीति धारणी

यह लघु धारणी 'धारणी-संग्रह'[7] के अन्तर्गत राष्ट्रीय अभिलेखालय काठमाण्डू, नेपाल में संगृहीत है।

आर्यनामसंगीति साधन

यह साधन, साधनमाला[8] की साधनाओं के अन्तर्गत है, जिसका सम्पादन गायकवाड़ ओरियण्टल सीरीज, बड़ोदा से हुआ है।

---

1. Microfilm Reel No-C-14/10, पत्र संख्या 70।
2. Catalogue of Buddhist sanskrit Mss-C. Bendall p. 29, Add. 1108, पत्र संख्या 53।
3. No MBB-1-152, पत्र संख्या 40।
4. National Archives Kathmandu, C. No. 3/655 पत्र संख्या 95।
5. Microfilm Catalogue of Buddhist sanskrit manuscripts in Nepal. 1981. VoL-I ed. by. H. Takaoka. Page 112. Reel No 112. DH. 366. Folios 56.
6. MBB 1-22, Folios 55.
7. धारणीसंग्रह लगत संख्या 3/589, धारणी संख्या 87.
8. Sādhan Mālā, VoL. I. G. O. S. No. 27 Page. 159.

नामसंगीत्याम्नायेन सिद्धपूजा चक्रवरलब्ध साधन

यद्यपि नेपाल के बृहत् सूचीपत्र में साधनमाला[1] की सूची में इसका उल्लेख है, परन्तु ढूंढ़ने पर भी इसकी संस्कृत प्रति अभी तक नहीं मिल पायी है।

मञ्जुश्रीनामसंगीति का विषय

इसकी अन्तिम पुष्पिका में इसे मायाजाल षोडशसाहस्रिका के अन्तर्गत[2] समाधिजाल पटल से उद्धृत माना है। मायाजालषोडशसाहस्रिका महायोगतन्त्र संस्कृत में उपलब्ध नहीं है। भोटानुवाद कन्ग्युर-तन्ग्युर संग्रह में दो ग्रन्थ मायाजाल एवं मायाजालमहातन्त्रराज उपलब्ध होते हैं, परन्तु उनमें नामसंगीति उपलब्ध नहीं है।

यहां नामसंगीति की विषयवस्तु को संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है। नामसंगीति में नाना तन्त्रों में उपलक्षित महासुखाकार सहज ज्ञान के 812 नामों का संग्रह है। परन्तु 'धर्मधातु-वागीश्वर साधन'[3] के अनुसार इसमें 800 नामों का संग्रह होना चाहिए, क्योंकि इसे 'अष्टशत-नाम धेया नामसंगीति' कहा गया है। नामसंगोति 14 परिच्छेदों में विभक्त है, जिनमें 167 श्लोक एवं अनुशंसा का गद्य अंश सम्मिलित है। इसके 14 (उपसंहारसहित) परिच्छेदों के नाम इस प्रकार हैं—अध्येषणा, प्रतिवचन, षट्कुलावलोकन, मायाजालाभिसम्बोधि, वज्रधातुमण्डल, सुविशुद्धज्ञान, आदर्शज्ञान, प्रत्यवेक्षणाज्ञान, समताज्ञान, कृत्यानुष्ठानज्ञान, पञ्चतथागतज्ञानस्तुति, अनुशंसा, मन्त्रविन्यास एवं उपसंहार।

अध्येषणा परिच्छेद में वज्रधर नामसंगीति का उपदेश देने के लिए भगवान् से प्रार्थना केवल अपने हित के लिए ही नहीं, अपितु सर्व सत्त्वों के कल्याण के लिए करते हैं—

मद्धिताय ममार्थाय अनुकम्पाय मे विभो।
मायाजालाभिसम्बोधेर्यथा लाभी भवाम्यहम् ॥

अज्ञानपङ्कमग्नानां क्लेशव्याकुलचेतसाम्।
हिताय सर्वसत्त्वानामनुत्तरफलाप्तये ॥

नामसंगीति की विशेषता को बतलाते हुए वज्रधर कहते हैं—

गम्भीरार्थामुदारार्थां महार्थामसमां शिवाम्।
आदिमध्यान्तकल्याणीं नामसंगीतिमुत्तमाम् ॥

---

1. बृहत् सूचीपत्र सप्तम भाग, तृतीय खण्ड, 'साधनमाला' लगत सं० 3/387.
2. सेकोद्देशटीका (पृ.40) में भी मायाजाल समाधि पटल के नाम से नामसंगीति के दो (61-62) श्लोक उद्धृत हुए हैं।
3. साधनमाला, गा० ओ० सी० २६, पृ० 127

प्रतिवचन के 6 श्लोकों द्वारा भगवान् शाक्यमुनि, जो द्विपदों में श्रेष्ठ हैं, वज्रपाणि को जगत् के हित के लिए महाकरुणा से युक्त होने पर साधुवाद देते हैं और एकाग्र मन से नामसंगीति को, जो महा अर्थों से युक्त है; पवित्र एवं अघनाशी है, सुनने के लिए कहते हैं।

दो श्लोकों द्वारा षट् कुलों का वर्णन किया गया है। ये कुल हैं—मन्त्रविद्याधर कुल, कुलत्रय कुल, लोकलोकोत्तर कुल, लोकालोक कुल, महामुद्रा कुल और महोष्णीष कुल। बाह्याभ्यन्तर व्याप्त विश्व व्यवस्था को 3 श्लोकों द्वारा मायाजालाभिसम्बोधि में बतलाया है। 14 श्लोकों द्वारा वज्रधातुमण्डल में स्थित पचास देवताओं और 86 नाममन्त्राक्षर पदों की संगीति है। इसमें वज्रसत्त्व के द्वारा षट्चक्र में गत्यागतिसूचक बोधिचित्त वज्र का प्रतिपादन किया गया है।

अक्षोभ्य स्वभाव सुविशद्ध धर्मधातुज्ञान में एक पाद कम 25 श्लोकों द्वारा 181 नाम मन्त्राक्षर पदों का संगायन हुआ है। आदर्श ज्ञान में दश श्लोक एवं एक पाद के द्वारा 71 नाम मन्त्राक्षर पदों का संग्रह है। 42 श्लोकों द्वारा संज्ञा स्कन्ध अमिताभ द्वारा प्रत्यवेक्षणा ज्ञान की स्तुति की गई है, इसमें 275 नाम मन्त्राक्षर पद हैं। समता ज्ञान में 24 श्लोकों के द्वारा महासुख रूपी सहजानन्द ज्ञान का व्याख्यान 104 नाम मन्त्राक्षर पदों के द्वारा किया गया है। कृत्यानुष्ठान ज्ञान के 15 श्लोकों द्वारा 95 नाम मन्त्राक्षर पदों की व्याख्या की गई है। इस प्रकार कुल 812 नाम मन्त्राक्षर पद हैं। वे महासुख रूपी सहजानन्द ज्ञान के बोधक हैं। पाँच श्लोकों द्वारा पञ्च तथागत ज्ञानों की स्तुति, नामसंगीति की अनुशंसा, मन्त्रविन्यास और पाँच उपसंहार गाथाओं के साथ ग्रन्थ पूर्ण होता है।

पञ्च तथागत ज्ञान

सम्पूर्ण वज्रयान को पञ्च तथागत ज्ञान के अन्तर्गत विभाजित किया जा सकता है। वज्रयान में पाँच तथागत एवं षष्ठ वज्रधर या वज्रसत्त्व मुख्य हैं। पञ्च तथागतों के विषय ही पञ्च ज्ञान हैं। नामसंगीति में पञ्च तथागत ज्ञान एवं षष्ठ वज्रधर के अन्तर्गत यावत् तन्त्रों में उपलक्षित महासुख रूपी सहजानन्द ज्ञान के नामों का संगायन है। पञ्च तथागत ज्ञान एवं उनका स्वरूप निम्न रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है—

1. आदर्श ज्ञान

आकाश की भाँति निराधार व्यापक और लक्षण रहित धर्मकाय के ज्ञान को आदर्श ज्ञान कहा गया है। जैसे दर्पण में प्रतिबिम्ब दिखाई देता है, उसी प्रकार हमारे चित्त में आदर्श ज्ञान के उत्पन्न होने पर धर्मकाय प्रतिबिम्बित होता है। इस प्रकार के ज्ञान को आदर्श ज्ञान

कहा गया है। नामसंगीति के टीकाकार रविश्री ने मूल तन्त्र के निम्नलिखित श्लोक को उद्धृत किया है—

शून्ये भावसमूहोऽयं कल्पनारूपवर्जितम्।
दृश्यते प्रतिसेनेव कुमार्या दर्पणे यथा॥

2. समता ज्ञान

समस्त जगत् स्वप्न, कल्पना और प्रतिबिम्बवत् है, निःस्वभाव है। अहंकार-ममकार से रहित शून्यता की भावना, अर्थात् सर्वधर्मनैरात्म्य की भावना ही समता ज्ञान है। हमारे चित्त में समता ज्ञान के उदय होने पर समस्त प्राणियों, तथागतों और जगत् में समानता का बोध होता है। इस प्रकार के ज्ञान को समता ज्ञान कहा गया है। मूलतन्त्र में इसका लक्षण निम्न लिखित श्लोक में कहा गया है—

सर्वभावसमो भूत्वा एको भावोऽक्षरः स्थितः।
अक्षरज्ञानसम्भूतो नोच्छेदो न च शाश्वतः॥

3. प्रत्यवेक्षणा ज्ञान

प्रत्यवेक्षणा ज्ञान संज्ञास्कन्ध है। सभी वर्ण संज्ञात्मक हैं, अकार कुल से उत्पन्न हैं, अकार सर्व वर्णों में अग्र है। अर्थात् ऐसा अनुत्पन्न स्वभाव, व्यापक और शुद्ध ज्ञान प्रत्यवेक्षणा ज्ञान है। प्रत्यवेक्षणा ज्ञान को मूलतन्त्र में निम्नलिखित श्लोक द्वारा प्रस्तुत किया गया है—

सर्वसंज्ञात्मका वर्णा अकारकुलसम्भवाः।
महाक्षरपदप्राप्ता न संज्ञा न च संज्ञिनः॥

4. कृत्यानुष्ठान ज्ञान

सभी बुद्ध कृत्यों और बुद्ध चर्याओं का ज्ञान कृत्यानुष्ठान ज्ञान कहलाता है। मूलतन्त्र में कृत्यानुष्ठान ज्ञान का स्वरूप इस प्रकार बताया है—

अनुत्पन्नेषु धर्मेषु संस्काररहितेषु च।
न बोधिर्नैव बुद्धत्वं न सत्त्वो नैव जीवितम्॥

5. सुविशुद्ध ज्ञान

मूलतन्त्र में इसका स्वरूप निम्न रूप में बताया है—

विज्ञानधर्मतातीता ज्ञानशुद्धा ह्यनाविलाः।
प्रकृतिप्रभास्वरा धर्मा धर्मधातुगतिं गताः॥

विज्ञान धर्मतातीत, शुद्ध, अनाविल ज्ञान ही सुविशुद्ध ज्ञान है। अर्थात् हमारे चित्त में सभी प्रकार के आवरणों (क्लेशावरण, ज्ञेयावरण आदि) से मुक्त ज्ञान को सुविशुद्ध ज्ञान कहा गया है।

उपसंहार

इस अनुशीलन से यह विदित होता है कि आर्यमञ्जुश्री नामसंगीति का अपनी सभी टीका-उपटीकाओं और परिवार ग्रन्थों के साथ साथ चीन, भोट और मंगोल देश में भी व्यापक प्रचार हो चुका था और तन्त्रयान की परम्परा में इसका अपना एक विशिष्ट स्थान था। यद्यपि नामसंगीति के पदों का अर्थ अतीव दुरूह है, तथापि उपलब्ध संस्कृत टीकाओं, भोट अनुवादों एवं स्वतन्त्र भोट टीकाओं के आधार पर इसका अध्ययन किया जा सकता है। इसके साधन, मण्डल, अभिषेक, भावना आदि विविध विषयों के अध्ययन से भी इस पर नवीन प्रकाश डाला जा सकेगा।

वज्र आसनपाद तथा भिक्षु श्रीसेन द्वारा वर्णित चौरासी सिद्ध

श्री वङ्छुग् दोर्जे

चौरासी सिद्धों की जीवनी से सम्बन्धित अभयदत्त द्वारा रचित विस्तृत ग्रन्थ तन्ग्युर पेकिङ् लु (Lu) तथा सदे दगे (sDe dGe) छु (Tshu में) प्राप्त होता है। उसके अतिरिक्त यहाँ संक्षेप में वज्र आसनपाद द्वारा रचित चतुरशीतिसिद्धाभ्यर्थना (Catursītisiddhābhyarthanā) तन्ग्युर छु (Tshu) पृ० 219-229 तक पण्डित वैरोचन (Vairocana) और छोस क्यी डग्स्पा (Chos Kyi Gragspa) द्वारा अनूदित मिलता है। इस लघु ग्रन्थ के लिखने का मुख्य प्रयोजन 84 सिद्धों की वन्दना करना है। दूसरे प्रसंग में लेखक ने अतिसंक्षेप में सिद्धों का जीवन परिचय दिया है। यह मूल भारतीय पण्डित द्वारा लिखित होने के कारण अपने में एक प्रामाणिक रचना है। इसी के साथ इसकी पूर्ति के लिये एक अन्य नेपाल के भिक्षु श्रीसेन (dGe sLoṅ dPal Gyi sDe) द्वारा रचित (Iconography) 'अभिनिरूपणा चतुरशीतिसिद्धाभिसमयः' नामक ग्रन्थ (Catursīti Siddhābhisamaya) स्दे तन्ग्युर ङो No में है। इन दो लघु ग्रन्थों के आधार पर यहाँ सिद्धों से सम्बन्धित कुछ सूचनायें उद्धृत की जा रही हैं।

नीचे (क) का संकेत वज्र आसनपाद के लिये है, तथा (ख) का श्रीसेन के लिये। सिद्धों की क्रमसंख्या वज्र आसनपाद के अनुसार दी गई है।

1. **नागार्जुन गर्भ** (Nāgārjuna Garbh)

   (क) नागार्जुनगर्भ नामक गुरु को मेरा नमस्कार है, जो भिक्षु थे और उसी वेश में इन्होंने सिद्धि प्राप्त की थी। उन्हें वनदेवी अमृत भेंट करती है।

   (ख) नागार्जुनपाद का वर्ण केसरिया है और चित्र आदि में इनको स्त्रियों के साथ दिखाया जाता है।

2. **आर्यदेव** (Arya Deva)

   (क) आर्यदेव नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने अपने गुरु की सेवा-सत्कार द्वारा सिद्धियाँ प्राप्त की थी। इन्होंने पद्म से उत्पन्न होकर श्रेष्ठ काय को धारण किया था।

(ख) चित्र आदि में आर्यदेव खड़े भिक्षु के रूप में तथा पुरुष शिष्यों के साथ रखे जाते हैं।

3. **लुइपा** (Luipā)

(क) लुइपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। इन्होंने कायस्थ जाति में जन्म लेकर उसे सौभाग्यशाली बनाया। मछली की आँतों का भक्षण करते हुए इन्होंने सिद्धि प्राप्त की।

(ख) चित्र में लुइपा को धूम्र वर्ण और पुरुष शिष्यों के साथ रखा जाता है।

4 **पद्मवज्र** (Padmavajra)

(क) पद्मवज्र नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह थारु जाति के गृहस्थ थे। इन्होंने फल आदि खाते हुए सिद्धि प्राप्त की।

(ख) इन्हें श्वेत अन्तर्वासक पहने हुए नृत्यमुद्रा में आलीढ़ और वाम पर्यङ्क पर स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

5. **सरहपाद** (Sarahapāda)

(क) सरह नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने श्रीपर्वत पर सिद्धि प्राप्त की। यह नृत्य करते थे।

(ख) सरह को पीले वर्ण और समाधि मुद्रा में स्त्री के साथ रक्खा जाता है।

6. **सरोरुह** (mTsho skey rDo rJe)

(क) सरोरुह नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह चन्द्रवंशीय थे। इन्होंने पद्मिनी के साथ सिद्धि प्राप्त की।

(ख) इनको पीले वर्ण में अंकित किया जाता है। इनका वाम पैर अर्ध पर्यङ्कासीन नर्तकी के साथ सुशोभित रहता है।

7 **डोम्बी हेरुक** (Dombī Heruka)

(क) गुरु डोम्बी हेरुक को मेरा नमस्कार। ये चीते पर आसीन होकर आस्तरण के सहारे गंगा पार करते हैं तथा श्वेत अन्तर्वासक पहने स्त्री के साथ सुशोभित रहते हैं।

(ख) डोम्बीपाद को चीते की पीठ पर चढ़े हुए तथा श्वेत अन्तर्वासक पहने स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

8 **विरुपा** (Virupā)

(क) विरुपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है, जिन्होंने महानदी को उल्टा लौटा दिया और मदिरा के लिये सूर्य को गिरवी रखा, अर्थात् सूर्य को अस्त होने से रोक रखा।

(ख) विरुपा को श्वेत वर्ण में स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

9. **भुसुकुपा** (Bhusukupā)

(क) भुसुकु नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ, जिन्होंने नालन्दा में रहकर चित्त के स्वरूप को प्रत्यक्ष कर ग्रन्थों की रचना की और जिसकी आकाश में भी अप्रतिहत गति थी।

(ख) इन्हें भिक्षु वेश तथा श्याम वर्ण में स्त्रियों के साथ दिखाया जाता है।

10. **वज्रघण्टापा** (rDo rJe dril Bupā)

(क) वज्रघण्टापाद नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। इन्होंने बंगाल में भविष्यवाणी सुन कर पुत्र-पुत्रियों सहित सिद्धि प्राप्त की थी।

(ख) घण्टापाद केसरिया वर्ण में, वज्रघण्टा लिये दाहिना पैर आलीढ़ और वाम प्रत्यालीढ मुद्रा में लिङ्ग उठा हुआ दिखाया जाता है।

11. **नालेन्द्रपा** (Nālendrapā)

(क) नालेन्द्रपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है, जिन्होंने तपस्या के बल से सिद्धिप्राप्त की और खड्ग लिये आकाश में विचरण किया।

12. **कुक्कुरिपा** (Kukkuripā)

(क) कुक्कुरिपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है, जिन्होंने भिक्षु वेश में शूद्र जाति की स्त्री को मुद्रा बनाकर सिद्धि प्राप्त की।

(ख) कुक्कुरिया (भो० मैलोर्ड दोग) को अंगार वर्ण में स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

13. **बुद्धज्ञान** (Saṅs rGyas Ye Śes)

(क) बुद्धज्ञान नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। इन्होंने (Śiṅ Kun gNas) वज्र आसन में ज्ञानचक्षु द्वारा गुह्यसमाज का प्रत्यक्ष दर्शन किया।

14 **कृष्णवज्र** (Nagpo rDo rJe)

(क) कृष्णवज्र नामक गुरु को मेरा नमस्कार है, जिन्होंने तपस्या को त्यागकर विशेष आचरण द्वारा सिद्धि प्राप्त की।

15. **इन्द्रभूति** (Indrabhūti)

(क) इन्द्रभूति नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह ओडियान के राजा थे। इन्होंने रानी के साथ सिद्धि प्राप्त की थी।

(ख) चित्र में इन्द्रभूति को राजा के वेष में, श्याम वर्ण और लीलामुद्रा में दिखाया जाता है।

16. **नरोपा** (Naropā)

(क) नरोपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ, जिन्होंने अपने पुत्री को मुद्रा बनाकर सिद्धि प्राप्त की थी।

(ख) नरोपा को नीले वर्ण में स्त्री के साथ अंकित किया जाता है।

17. **कदलीपाद** (Tog Tsepā)

(क) कदलीपाद नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह लकड़ी बेचने वाले थारु जाति के थे। इन्होंने मुद्रा का सेवन कर सिद्धि प्राप्त थी।

(ख) कदलीपाद ब्राह्मण थे। इनको हरित वर्ण तथा स्त्री सहित चित्रित किया जाता है।

18. **तन्त्रपा** (Tantrapā)

(क) तन्त्रपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। इन्होंने अपने पेशे को त्याग दिया था और जुलाहे का कार्य करते सिद्धि प्राप्त की थी।

(ख) (Thagpā) चित्र में उन्हें श्वेत अन्तर्वासक पहने स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

19. **लावापा** (Lāwāpā)

(क) लावापा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह भिक्षु थे। अनिमित्त आचरण करते हुए घास निर्मित कुटी में रहकर सिद्ध हुए।

(ख) चित्र में लावापा को केसरिया वर्ण में तथा समाधि मुद्रा में पुरुष शिष्य के साथ दिखाया जाता है।

20. **चन्द्रगोमी** (Candragomī)

(क) चन्द्रगोमी नामक गुरु की मैं अर्चना करता हूँ। यह तैर्थिकों के साथ वाद-विवाद में विजयी हुए। यह तारा द्वारा अनुगृहीत थे।

(ख) इन्हें उपासक के वेश में पोथी पढ़ने की मुद्रा में चित्रित किया जाता है।

21. **शान्तिपाद** (Śantipā)

(क) शान्तिपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। इन्होंने धान कूटते, छिलकों को साफ करते सिद्धि प्राप्त की थी।

(ख) रत्नाकरशान्ति को पीले वर्ण तथा भिक्षु वेश में हाथ में पुस्तकें लिये पुरुष शिष्यों के साथ चित्रित किया जाता है।

22. **दीपंकर** (Mar Me mZad)

(क) दीपंकर नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। ये [1]पांचों विद्याओं में पारंगत थे। इन्होंने स्व-पर की भावना त्यागकर सिद्धि को प्राप्त किया था।

(ख) दीपंकर को कुमार अवस्था में, श्वेत अन्तर्वासक में, स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

23. **तिल्लिपा** (Tillipā)

(क) गुरु तिल्लिपा को मेरा नमस्कार है। इन्होंने तिल कूटते हुए सिद्धि प्राप्त की थी। बंगाल में इन्हें बुद्धत्व का साक्षात्कार हुआ।

(ख) तिल्लिपा को कृष्ण वर्ण में, स्त्रियों के साथ चित्रित किया जाता है।

24. **कृष्णाचार्य** (Nagpo sPyodpā)

(क) कृष्णाचार्य नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। इन्होंने गुरु की आज्ञा की अवहेलना की। इससे भवान्तर में समन्तबुद्धत्व को प्राप्त किया।

25. **शूकरपाद** (Phag Tshaṅ Ba)

(क) शूकरपाद नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह ब्राह्मण जाति के उपासक थे। इन्होंने बुद्ध का साक्षात्कार किया था।

26. **भद्रपा** (Bhadrapā)

(क) भद्रपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने श्रेष्ठ 24 पीठों में सिद्धि लाभ कर तलर (Po Ta lar) जाकर वलिङ्ग विधि का आख्यान किया।

27. **शबरिपा** (Śabaripā)

(क) शबरिपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह नृत्य करते हुए श्रीपर्वत पर निवास करते थे। वहीं रहकर इन्होंने पुत्र-कलत्र सहित सिद्धि प्राप्त की।

---

1. शब्दविद्या, प्रमाणविद्या, शिल्पविद्या, चिकित्साविद्या और अध्यात्मविद्या।

(ख) शबरिपा को धूम्र वर्ण तथा स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

28. **दरिकपा** (Darikpā)

(क) दरिकपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने जीवन में सामान्य आचरण करते हुए वेश्या के साथ सिद्धि प्राप्त की।

(ख) दरिकपा को पीले वर्ण में, पुरुष शिष्यों के साथ दिखाया जाता है।

29. **नागबोधि** (Nāgbodhi)

(क) नागबोधि नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह श्रीपर्वत पर गायों का पालन करते हुए सिद्धत्व को प्राप्त हुए थे।

(ख) नागबोधि को उत्कुटुकासन में, कृष्ण वर्ण तथा पुरुष शिष्यों के साथ दिखाया जाता है।

30. **दीपकदेव** (Mar Me Lha)

(क) दीपकदेव नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह श्मशानों में अस्थि के बने [1]छः आभूषणों को पहने तथा विभिन्न रूप प्रदर्शित करते हुए सिद्धत्व को प्राप्त हुए।

31. **दकिपा** (Dakipā)

(क) दकिपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ, जो आकाश में भी गति करते थे तथा धनुषों को बेचते हुए सिद्धत्व प्राप्त किया था।

(ख) दकिपा को पिंगल वर्ण में, मृदंग पकड़े, स्त्रियों के साथ चित्रित किया जाता है।

32. **जितारि** (Jitāri)

(क) जितारि नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ, जो वाद-विवाद में पारंगत थे। इन्होंने बंगाल में सिद्धि-लाभ किया था।

33. **सरकपा** (Sarakapā)

(क) सरकपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने श्रद्धा, विश्वास और प्रणिधान के बल से सिद्धि प्राप्त की।

34. **शान्तिपा** (Śāntipā)

(क) शान्तिपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ, जो क्षत्रिय जाति के थे। प्रारम्भ में यह विनयधर थे। क्रमशः गुह्यतन्त्र में प्रवेश कर सिद्धत्व को प्राप्त हुए।

---

1. कपाल, कण्ठहार, कर्णभूषण, केयूर, कंगन और नूपुर।

35. **तन्तिपा** (Thagpā)

(क) तन्तिपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह शूद्र जाति के थे और जुलाहे का कार्य करते हुए मुद्रा सहित सिद्धि को प्राप्त किया था।

(ख) तिंथपा (तन्तिपा) को चित्र में पीला वर्ण तथा स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

36. **जालन्धरपा** (Jālandharpā)

(क) जालन्धरपाद नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह चतुर्थ तन्त्र में पारंगत थे। इन्होंने वज्रवाराही द्वारा अधिष्ठित होकर सिद्धि को प्राप्त किया था।

(ख) इन्हें चित्र में अर्थी के ऊपर नृत्य मुद्रा में लिखा जाता है।

37. **कमलपाद** (Kamalapāda)

(क) कमलपाद नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। ये शब्दप्रमाण विद्या और आगम शास्त्र के विशारद थे तथा इन्होंने अमृत आयु की सिद्धि प्राप्त की थी।

38. **स्वर्णद्वीपी (धर्मकीर्ति)** (gSer gLiṅpā)

(क) स्वर्णद्वीपी नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह प्रज्ञोपाय में पारंगत थे तथा पीठों के अभिप्राय का अवबोध कर सिद्धत्व लाभ किया था।

39. **वीर्यपा** (Vīryapā)

(क) वीर्यपाद नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह शब्द, प्रमाण, आगम और युक्तियों के मर्मज्ञ थे तथा विद्याधर और अमृत आयु की सिद्धि प्राप्त की थी।

40. **कोंकनपा** (Koṅkanpā)

(क) कोंकनपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह ब्राह्मण जाति के कवि थे और साधना के बल से पुत्र सहित सिद्धत्व प्राप्त किया था।

41. **पकपाल** (Pakpāla)

(क) पकपाल नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह क्षत्रिय जाति के थे और गूंगे का आचरण कर गुह्यचर्या सिद्धि को प्राप्त हुए थे।

42. **तमपकपा** (Tampakpā)

(क) तमपकपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह ब्राह्मण जाति के थे, किन्तु लोहार का काम करते हुए द्रुतगामिता की सिद्धि प्राप्त की थी।

43. **भीनासा** (Bhīnāsā)

(क) भीनासा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह क्षत्रिय थे। मुरली तथा वीणा आदि बजाते हुए निज चित्त की प्रत्यक्षता कर आकाश में विचरण करते थे।

44. **सुतलोकिपा** (Sutalokipā)

(क) सुतलोकिपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। ब्राह्मण जाति के होते हुए वेश्या के साथ रह कर इन्होंने सिद्धत्व लाभ किया।

45. **धर्मकीर्ति** (Dharmakīrti)

(क) धर्मकीर्ति नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। तैर्थिक जाति में उत्पन्न होकर शब्द विद्या में निष्णात प्रमाणवादी बने और परवादनिग्रह कर आकाश में विचरण करने लगे।

(ख) धर्मकीर्ति को केसर वर्ण के भिक्षु-वेश में स्त्री शिष्यों के साथ चित्रित किया जाता है।

46. **कुमारपाद** (Kumārpāda)

(क) कुमारपाद नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने चमार जाति में जन्म लेकर श्मशान में सिद्धत्व किया।

(ख) (कुमारिपा) कुमारपा को गनु (Ganu) काय और वर्ण में स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

47. **सुचिकपा** (**दर्ज़ी**) (Tshem Bupā)

(क) सुचिकपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह श्रमणेर-वेश में कुष्ठ रोग से ग्रसित स्त्री को उठाये गंगा में निवास करते थे तथा आकाश में विचरण करते थे।

48. **नीलपा** (Nīlapāda)

(क) नीलपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह रंग लगाने वाली जाति से सम्बद्ध थे। ये उपासक वेश में ब्रह्माचरण करने वाले औडियानी थे।

(ख) (नलिपा) नीलपा को नीले वर्ण में धावन (भागना) मुद्रा में लिखा जाता है।

49. **पद्माकर** (Padmākara)

(क) पद्माकर नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। ये भिक्षु वेश में मुद्रा सेवित कर पश्चिमोत्तर दिशा में राक्षसों का दमन करने वाले हैं।

50. **सिद्धपाद** (Siddhapāda)

(क) सिद्धपाद नामक गुरु को मेरी वन्दना है। यह कसाई जाति में जन्मे थे। सिंह पर चढ़कर चर्या करते थे।

51. **मीनपा** (Minarpāda)

(क) मीनपा नामक गुरु को नमस्कार है। यह निषाद जाति के उपासक थे। सागर के द्वीप पर इन्होंने सिद्धि लाभ किया।

52. **मेघवेग** (sPrin Gyi Śugs Can)

(क) मेघवेग नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह क्षत्रिय जाति के थे। पाँच विद्याओं में पारंगत थे। आकाश देव द्वारा सन्देह का निराकरण कर लिया करते थे।

53. **करुपक** (Karupaka)

(क) करुपक नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह थारु जाति में उत्पन्न हुए थे। मल्लाह का पेशा करते हुए दुःखसागर से निर्मुक्त हुए।

54. **दसरिपा** (Dasripā)

(क) दसरिपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। [1]चतुर्थ तन्त्र के शब्दार्थों को समझने में यह चतुर थे तथा [2]चतुर्थ अभिषेक सम्पन्न कर आकाश में विचरण भी करते थे।

55. **अनन्त** (Ananta)

(क) अनन्त नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह ब्राह्मण जाति में उत्पन्न हुए और निर्विकल्प चित्त पर अधिकार प्राप्त कर सिद्ध बने।

56. **सेङ्गेपा** (Seṅgepā)

(क) सेङ्गेपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है, जो अवलोकितेश्वर द्वारा अधिष्ठित कलश उठाये मलों का क्षय करते थे।

57. **चन्द्रभद्र** (zLa Ba bZaṅ)

(क) चन्द्रभद्र नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह ब्राह्मण जाति में उत्पन्न हुए थे। योगी वेश में भिक्षा माँगते सिद्ध बने।

---

1. क्रियातन्त्र, चर्यातन्त्र, योगतन्त्र और अनुत्तरतन्त्र इन चतुर्विध तन्त्रों में चतुर्थ अनुत्तर तन्त्र है।
2. कुम्भ, गुह्य, प्रज्ञा और अनुत्तर अभिषेक नामक चतुर्विध अभिषेकों में चतुर्थ अनुत्तर अभिषेक माना जाता है।

58. **रतिगर्भ** (Kun dGaḥ sÑiṅ Po)

(क) रतिगर्भ नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह श्वेत तारा द्वारा अधिष्ठित और अनुत्तर तन्त्र के वृत्तिकार थे।

(ख) रतिवज्र (रतिगर्भ) को पुरुष के साथ लिखा जाता है।

59. **चन्द्रकीर्ति** (zLa Ba Gragspā)

(क) मञ्जुश्री के अवतार नागार्जुन के अभिप्रायों को समझने में दक्ष चन्द्रकीर्ति नामक गुरु को मेरा नमस्कार है।

60. **लुङ्गीपा** (sMed dKripā)

(क) लुङ्गीपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है, इन्होंने अक्षोभ्य का साक्षात्कार किया था। श्मशान में नग्न वेश में निवास करते हुए इन्होंने सिद्धि प्राप्त की।

61. **कर्णपा** (Karṇapā)

(क) कर्णपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह राजा थे और नीच जाति की स्त्री के साथ सहवास करते हुए इन्होंने सिद्धि प्राप्त की।

(ख) कर्णपा को नीले वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

62. **अवधूतिपाद** (Avadhūtipāda)

(क) अवधूतिपाद नामक गुरु को मेरा नमस्कार है, जिन्होंने करुणामय तारा द्वारा अधिष्ठित होकर सिद्धत्व प्राप्त किया।

63. **चर्यापा** (Caryāpā)

(क) चर्यापा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने नाड़ी, वायु के उपायों में दक्षता प्राप्त कर सिद्धि प्राप्त की।

(ख) चर्यापा को स्त्री के साथ खड़े चित्रित किया जाता है।

64. **शाक्यमित्र** (Śākya bŚes gÑen)

(क) शाक्यमित्र नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। जो महायानी नागार्जुन के शिष्य तथा लकड़हारे थे।

65. **चण्डालीपाद** (Caṇḍālīpā)

(क) चण्डालीपाद नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह मछुवारा जाति के थे। नाड़ी, वायु में दक्षता प्राप्त कर यह सिद्ध बने नग्न चर्या करते थे।

66. **गीतिघोष** (gLu dByaṅ mKhan)

(क) गीतिघोष नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। स्वयं तीन स्तूपों की परिक्रमा करते हुए चित्त के स्वरूप का साक्षात्कार किया और आकाश में गति करते हुए सिद्धि प्राप्त की।

67. **भगलनपा** (Bhagalanpā)

(क) भगलनपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह ब्राह्मण जाति के थे। भिक्षु वेश में [1]द्वादश धूत गुणों का आचरण करते हुए इन्होंने सिद्धि प्राप्त की थी।

68. **शब्दपाद** (sGra mkhanpā)

(क) शब्दपाद नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने शबरिपा, मैत्रीपाद आदि की परम्परा का अनुकरण कर महामुद्रा को अधिगत किया था।

69. **कोन्तीलपा** (Kontīlapā)

(क) कोन्तीलपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह प्रायः श्मशान और कन्दराओं में बैठते और गण-चक्र आदि का आयोजन करते हुए भाग्यवानों का मार्गदर्शन करते थे।

70. **चवरिपा** (Cabaripā)

(क) चवरिपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने हयग्रीव का साक्षात्कार कर किल्बिषों का नाश करते हुए और [2]काम गुणों का भी आचरण करते हुए आकाश में विचरण करते थे।

(ख) छात्रपा (Tshatripā) इन्हें केसर वर्ण मे स्त्रियों के साथ खड़े चित्रित किया जाता है।

71. **सियालीपा** (Siyālīpā)

(क) सियालीपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह क्षत्रिय जाति के थे। श्मशान में घूमते हुए [3]महामांसों का भक्षण करते थे।

---

1. पांशुकुलिक, त्रैचीवरिक, नामन्तिक, पैण्डपातिक, आरण्यक, एकासनिक, खलुपश्चाद्गतिक, वृक्ष-मूलिक, आभ्यवकाशिक, श्मशानिक, नैषद्यिक, यथासंस्तरिक—यह द्वादश धूत गुण हैं।
2. रूप, शब्द, गन्ध, रस और स्पर्श ये पांच कामगुण हैं।
3. गौ, हस्ति, कुक्कुर, अश्व और नर ये पांच महामांस कहलाते हैं।

72. **सूर्यगुप्त** (Ñima sBas)

(क) सूर्यगुप्त नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। यह तारा द्वारा अधिष्ठित और व्याकरणित थे। बिहार में रहकर सिद्धि-लाभ किया था।

73. **वागेश्वर** (Ñag Gi dBaṅ Phyug)

(क) वागेश्वर नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह क्षत्रिय जाति के थे। इन्होंने लघिमा, अणिमा आदि अष्ट-सिद्धियों को प्राप्त किया। ये सूर्य की किरणों पर चल सकते थे।

74. **हिलपा** (Hilapā)

(क) हिलपा नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। यह शूद्र थे और भिक्षु वेश में आसन बनाते हुए सिद्धत्व को प्राप्त हुए थे।

75. **कलकपा** (Kalakapā)

(क) कलकपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। जो पालकी पर चढ़कर श्मशान में घूमते हुए राजा का दमन कर आकाश में विचरण करते थे।

76. **कुभूच** (Ku Bū Tsa)

(क) कुभूच नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। इन्होंने चक्रसंवर का साक्षात्कार किया था और सिर पर विषैले साँप लपेट कर विचरण करते थे।

77. **सेङ्गेपा** (Seṅ Gepā)

(क) सेङ्गेपा नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने सागर के द्वीप पर तपस्या की और ओडियान में चतुर्थ अभिषेक सम्पन्न कर सिद्धत्व लाभ किया।

78. **असंग** (Tho gMed)

(क) असंग नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। इन्होंने अरण्य में तपस्या कर मैत्रेयनाथ का दर्शन किया और कई ग्रन्थों की रचना की।

79. **नडपाद (नतपाद)** (Naḍa pāda)

(क) नतपाद नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने श्रीपर्वत पर परिक्रमा करते हुए ओडियान में सिद्धि-लाभ किया।

80. **मुरलीपाद** (gLiṅ Bu mKhan)

(क) मुरलीपाद नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। ओतपुर (ओदन्तपुरी) के बिहार में हेवज्र द्वारा अधिष्ठित होकर इन्होंने सिद्धि प्राप्त की।

81. **सरहपाद** (Sarahapāda)

(क) सरह नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। इन्होंने वज्र आसन में चित्त के स्वरूप का साक्षात्कार किया और बंगाल में जाकर तपस्या की थी।

(ख) सरहकृष्ण को खड़े हाथ में धनुष-बाण लिये स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

82. **सरसुक** (Sarasuka)

(क) सरसुक नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने ओडियान में डाकिनियों द्वारा अभिषिक्त हो कर सिद्धि-लाभ किया।

83. **कललंगे** (Kalalaṅge)

(क) कललंगे नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। बंगाल के पूर्वोत्तर में लोहित यमान्तक ने इन्हें अधिष्ठित किया गया था।

84. **भयनि** (Bhayani)

(क) भयनि नामक गुरु को मेरा नमस्कार है। खदिरवणी में तपस्या कर इन्होंने खसर्पण का दर्शन किया था।

85. **पुष्पपाद** (Me Togpā)

(क) पुष्पपाद नामक गुरु की मैं वन्दना करता हूँ। इन्होंने मगध के राजा का दमन किया और श्मशान में लीला करते हुए सिद्धि-लाभ किया।

ऊपर लिखे सिद्धों के अतिरिक्त अन्य गुह्य मन्त्रों का आचरण न कर खेचरत्व (mkhaḥ sPyod) प्राप्त करनेवाले सभी सिद्धों के प्रति भी सत्कार सहित मेरी वन्दना है और अभ्यर्थना है कि वे काय के द्वारा अधिष्ठित कर शरीर में महासुख को प्रज्वलित करें, वाक् से अधिष्ठित कर वाक्-शक्ति की वर्षा करें, चित्त से अधिष्ठित कर चित्त में चित्त-प्रभास्वर उत्पन्न करें, काय-वाक्-चित्त को अधिष्ठित करने की धारा को अविच्छिन्न रखें, जब तक कि प्राणी मात्र धर्मकाय के साथ एक न हो जांय। वे करुणामय अंकुश द्वारा उन्हें सदा प्रेरित करते रहें। इस अभ्यर्थना से लब्ध पुण्य के प्रभाव से षड्गतिक सत्त्वों का अर्थ सिद्ध हो और उन्हें महामुद्रा का अवबोध हो। गुरु वज्र आसनपाद कृत 84 सिद्धों की अभ्यर्थना यहां समाप्त होती है। यह पण्डित वैरोचन और लोचवा श्रीधर्मकीर्ति द्वारा अनूदित तथा प्रतिपादित है।

यद्यपि वज्र आसनपाद और भिक्षु श्रीसेन दोनों में सिद्धों की संख्या ८४-८५ है, परन्तु सिद्धों की भिन्नता के कारण एक में दूसरे के सिद्ध समाहित नहीं होते। श्रीसेन के ग्रन्थ में ऐसे सिद्धों के नाम निम्नलिखित हैं—

1. **लीलापा** (LīLāpā)

लीलापा को पीछे वर्ण में स्त्रियों के साथ चित्रित किया जाता है।

2. **डेङ्गीपा** (Deṅgipā)

डेङ्गीपा को पीले वर्ण में, स्त्री-शिष्यों सहित लिखा जाता है।

3. **कलयलपा** (Kalayalapā)

कलयलपाद को श्वेत वर्ण में पुरुषों के साथ दिखाया जाता है।

4. **ज्ञानपाद** (Jñānapāda)

ज्ञानपाद को भिक्षुवेश में श्वेत वर्ण, पुरुषों के साथ चित्रित किया जाता है।

5. **उण्ढतपा** (Uṇḍhatapāda)

उण्ढतपा को कृष्ण वर्ण में, स्त्रियों के साथ लिखा जाता है।

6. **वसुबन्धु** (Vasubandhu)

वसुबन्धु को पिंगल वर्ण में तथा भिक्षुवेश में धर्मचक्रमुद्रा में दिखाया जाता है।

7. **भूवपाद** (Bhūvapāda)

भूवपाद को पीले वर्ण में स्त्रियों के साथ दिखाया जाता है।

8. **कशरिपा** (**कनरिपा**) (Kaśaripā)

कशरिपा को केसर रंग में खड़ी स्त्रियों के साथ दिखाया जाता है।

9. **प्रभाकर** (Prabhākara)

प्रभाकर को लोहित वर्ण में, खड्ग लिये दिखाया जाता है।

10. **मगनड़ी** (**ममकण्डी**) (Maganadi)

मगनड़ी को पीले वर्ण में पुरुषों के साथ दिखाया जाता है।

11. **कपालिक** (Kapālika)

कपालिक सिद्ध को श्वेत अन्तर्वासिक में, पुरुषों के साथ दिखाया जाता है।

12. **लावापा** (**कम्बलपा**) (Lāvāpā)

लावापा को कम्बल पहने, रक्त वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

13. **रबुत** (Ra Buta)

रबुत को कृष्ण वर्ण में, पुरुष के साथ दिखाया जाता है ।

14. **कटोलपाद** (Kaṭolapāda)

इन्हें हाथ में भिक्षापात्र लिये, पुरुष के साथ दिखाया जाता है।

15. **चर्मपा** (Carmapā)

चर्मपा को श्वेत वर्ण में, स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है ।

16. **बकला** (Bakalā)

बकला को कृष्ण वर्ण में हाथ में कलश लिये, पुरुष के साथ दिखाया जाता है ।

17. **बसुबन्धा** (Basubandhā)

बसुबन्धा को दायें हाथ में चामर तथा बायें हाथ में कलश पकड़े रक्त वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है ।

18. **चविड़िपा** (Tsavidipā)

चविड़िपा को केसर वर्ण में स्रुक्दण्ड और कपड़ा लिये स्त्री के साथ दिखाया जाता है ।

19. **समयवज्र** (Samayavajra)

समयवज्र को अमृत भरा कपाल लिये, नीले वर्ण में चित्रित किया जाता है ।

20. **सियालपा** (Siyalipā)

सियालपा को रक्त वर्ण में, पुरुष के साथ चित्रित किया जाता है ।

21. **धमुपा** (Dhamupā)

धमुपा को हाथ में मृदंग लिये काले रंग में, पुरुष के साथ लिखा जाता है ।

22. **धमपा** (Dhamapā)

धमपा को पीले वर्ण में खड़े, स्त्री के साथ अंकित किया जाता है ।

23. **बन्धेपा (भादेपा)** (Bandhepā)

बन्धेपाद को अस्थि के अलंकारों से विभूषित हाथ में अंकुश और कपाल धारण किये, स्त्री के साथ दिखाया जाता है ।

24. **कुबजिपाद** (Kubajipāda)

कुबजिपाद को केसर वर्ण में, हाथ में कपाल धारण किये, पुरुष के साथ चित्रित किया जाता है ।

25. **रत्नाङ्कुर** (Ratnāṅkur)

रत्नाङ्कुर को रत्नों से भरा थैला लिये, श्याम वर्ण में, स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

26. **खड्गसिद्ध** (Khaḍga Siddha)

खड्गसिद्ध को कृष्ण वर्ण में, खड्ग और भिक्षा पात्र लिये, खड़े मुद्रा में दिखाया जाता है।

27. **कुमरुपा (कमरुपा)** (Kumarupā)

इन्हें श्वेत वर्ण में, नृत्य मुद्रा में, पुरुष के साथ दिखाया जाता है।

28. **टेढ़णपा** (Teḍaṅapā)

टेढ़णपाद को पीले वर्ण में, थैला लिये स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

29. **चामरपाद** (Cāmarpāda)

चामरपाद को औजार पकड़े, पुरुष के साथ दिखाया जाता है।

30. **सर्वभक्षणपा** (Sarva Bhakṣaṇapā)

सर्वभक्षणपा को केसर वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

31. **दीपकीर्ति** (Dīpakīrti)

इन्हें हाथ जोड़े मुद्रा में पुरुष के साथ अंकित किया जाता है।

32. **शीतुमपा (चौरंगपा)** (bSī Tumpā)

शीतुमपा को कृष्ण वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

33. **संघरक्षित** (Saṅgha Rakṣita)

संघरक्षित को पिंगल वर्ण में, पुरुष के साथ अंकित किया जाता है।

34. **धोबीपा** (Dhobīpā)

धोबीपा को केसर वर्ण में, स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

35. **धोकिड़ीपा** (धाकही) (Dhokiḍīpā)

धोकिड़ीपाद को पीले वर्ण में, स्त्री के साथ अंकित किया जाता है।

36. **वेनपा (वीणापा)** (Venapā)

वीणापा को नीले वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

37. **लवती** (लाठी) (Lavalipā)

दण्डपा को पीले वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

38. **अनंगवज्र** (Anaṅga Vajra)

अनंगवज्र को पीले वर्ण में, क्रोध मुद्रा में, लिङ्ग खड़ा, वज्रघण्टा धारण किये, अस्थि पहने, स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

39. **थंगपा** (Thaṅgapā)

थंगपा को श्वेत अन्तर्वासक पहने, आलिंगित मुद्रा में स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

40. **श्रीधारा** (Śri Dhārā)

इन्हें धर्मचक्र मुद्रा में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

41. **कोकिलपा** (Kokilapā)

कोकिलपा को पिंगल वर्ण, लीला मुद्रा में स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

42. **नरोपा** (Naropā)

नरोपा को नीले वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

43 **करिलपा** (Karilapā)

इन्हें पीले वर्ण में, कलश धारण किये, नृत्य मुद्रा में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

44. **मखखनपा** (mKhaḥ mkhanapā)

इन्हें पीले वर्ण में, वज्रघण्टा लिये तर्जनी से इंगित करते, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

45. **खण्डरिपा** (Khaṇḍaripā)

खण्डरिपा को पीले वर्ण में, चिड़ियों के साथ, प्रसन्न मुद्रा में पुरुष के साथ दिखाया जाता है।

46. **शूद्रपा** (Śūdrapā)

शूद्रपा को चित्र में अंगार वर्ण में खड़े, ज्वाला लिये, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

47. **विरलीपा** (Viralīpā)

विरलीपा को चित्र में अंगारे के वर्ण में स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

48. **कनपा** (Kanapā)

योगिनी कनपा को पीले वर्ण में, हाथ में कपाल धारण किये, नृत्य मुद्रा में अंकित किया जाता है।

49. **मेखला** (Mekhalā)

योगिनी मेखला को अंगार वर्ण में, वज्रघण्टा धारण किये, कटि पर हाथ रखे, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

50. **लक्ष्मीसिद्धि** (Lakṣmi Siddhi)

योगिनी लक्ष्मींकरा को श्याम वर्ण में, दाये निर्लीढ़ और बायें आलीढ़ नर अर्थी पर वज्रघण्टा लिये अस्थि के आभूषणों से आभूषित स्त्रियों के साथ दिखाया जाता है।

51. **ज्ञानाङ्कुर** (Jñānāṅkura)

ज्ञानाङ्कुर को श्वेत वर्ण में, अभय मुद्रा में, स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

अपने अपने कृत्यों के अनुरूप विविध मुद्राओं को धारण किये 84 सिद्धों का यह क्रम सम्पन्न हुआ। अलाभचन्द्र, भवभट्ट, कुशलवर्मा तथा चतुर्थ तीर्थों के सिद्धों सहित नेपाल देश का ऋण चुका पाऊँ, यह सोच संवत् 291 व (wa) मास कृष्ण पक्ष 6 के बुध नक्षत्र को भिक्षु श्रीसेन द्वारा सर्वसत्त्वों के अर्थ यह ग्रन्थ लिखा गया है।

●

सिद्ध एवं अपभ्रंश साहित्य का सर्वेक्षण (1)

अपभ्रंश साहित्य और विशेष कर बौद्ध सिद्धों के साहित्य का अध्ययन और शोधकार्य अनेक दृष्टियों से बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। काल की दृष्टि से बौद्ध धर्म, दर्शन और साधना की विकास-परम्परा में सिद्ध साहित्य उसकी अन्तिम परिणति है। यह मात्र अन्तिम परिणति ही नहीं, प्रत्युत बौद्ध चिन्तन और आध्यात्मिक साधना को जन-सामान्य तक पहुंचा देने का ऐतिहासिक प्रयास भी है। भाषा की दृष्टि से अपभ्रंश मध्यकालीन उत्तरभारत की प्रमुख भाषाओं का पूर्व रूप है। उसने इन भाषाओं को भाषागत स्वरूप से ही मण्डित नहीं किया, अपितु उसने ऐसी विषयवस्तु प्रदान की, जो सम्पूर्ण भारत में सन्त साहित्य के रूप में विकसित हुई। कहा जा सकता है कि बौद्ध धर्म की अनुपस्थिति में भारतीय जन-चेतना में बौद्ध धर्म का जो अवशेष मिलता है, उसे भारतव्यापी सन्त साहित्य में देखा जा सकता है। इस प्रकार पूर्ववर्ती भारतीय संस्कृति के अध्ययन में बौद्धों की प्रमुख धारा का जैसा महत्त्वपूर्ण अवदान है, वैसा ही उसके परवर्ती रूप के अध्ययन में बौद्ध सिद्धों के साहित्य का अध्ययन भी महत्त्वपूर्ण है। इस दृष्टि से केवल भारतवर्ष में ही नहीं, अपितु उसके बाहर भी नेपाल, तिब्बत, मंगोलिया आदि देशों में उन उन भाषाओं में सिद्ध साहित्य का एक रूप विकसित होते पाया जाता है। सिद्ध साहित्य की रचना के पीछे जो एक प्रकार का मुक्त चिन्तन और सहज जीवन की प्रवृत्ति दिखायी पड़ती है, वह मध्य-कालीन चीनी, जापानी आदि परम्पराओं में भी प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार बौद्ध सिद्ध साहित्य का एक व्यापक क्षितिज बनता है, जिसमें सिद्धों की जीवन-दृष्टि का विशेष अध्ययन किया जा सकता है।

बीसवीं शताब्दी में विद्वानों द्वारा पश्चिमी एवं पूर्वी भारतीय भाषाओं के सन्दर्भ में जो खोज की गई और उसके आधार पर जो अध्ययन प्रस्तुत किया गया, यद्यपि वह पर्याप्त नहीं है, किन्तु बहुत ही महत्त्वपूर्ण एवं दिशा-निर्देशक है। ऐसे विद्वानों में जो नाम विशेषतः उल्लेखनीय हैं, वे हैं—शरच्चन्द्रदास, राजेन्द्रलाल मित्र, महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री, डा० शहीदुल्ला, डा० प्रबोचचन्द्र बागची, महापण्डित राहुल सांकृत्यायन, डा० नगेन्द्र चौधरी आदि। इन विद्वानों द्वारा प्रस्तुत की गयी आधारभूत सामग्रियों पर उड़िया, असमिया, बंगाली, मैथिली, मगही, भोजपुरी और हिन्दी के अन्यान्य रूपों के प्रसंग में जिन विद्वानों द्वारा अध्ययन प्रस्तुत किया गया, उनमें प्रमुख हैं—डा० वाणीकान्त काकती, डा० नगेन्द्रनाथ वसु, श्रीआर्तवल्लभ मोहन्ती, राखालदास वन्द्योपाध्याय, डिम्बेश्वर नित्तगेर, डा० सुनीतिकुमार चटर्जी, परशुराम चतुर्वेदी प्रभृति।

इन विद्वानों द्वारा जो सामग्रियां प्रस्तुत की गयीं, या उसके आधार पर अध्ययन के निष्कर्ष प्रस्तुत किये गये, उनका लाभ आगे खोज एवं अध्ययन करने में अधोलिखित मुद्दों पर लिया जा सकता है—

1. सिद्धों की संख्या का निर्धारण

